## भर्ती हेतु सूचना
## रिसर्च एसोसिएट्स – भारत का मैटेरियोविजिलेन्स कार्यक्रम (एमवीपीआई)

सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने हेतु राज्यों को तकनीकी सहायता एवं क्षमता विकास में सहयोग प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत एक स्वायत्त पंजीकृत सोसायटी के रूप में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) का गठन किया गया है।

एनएचएसआरसी, भारतीय फार्माकोपिया आयोग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से रिसर्च एसोसिएट्स– भारत का मैटेरियोविजिलेन्स कार्यक्रम (एमवीपीआई) के पद के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

**भूमिका एवं दायित्वः**

1. द्वितीयक आंकड़ा अनुसंधान (सेकेन्डरी डेटा रिसर्च) सहित, उपकरणों एवं निदान की सुरक्षा एवं प्रभावकारिता का आकलन करना,
2. चिकित्सा उपकरणों के कारण होने वाली प्रतिकूल घटनाओं का पता लगाने में तकनीकी सहायता करना,
3. उपकरणों एवं निदान की सुरक्षा पर आंकड़ा विश्लेषण/बाजार अनुसंधान
4. उपकरण एवं निदान संबंधी गुणवत्ता आश्वासन के लिए तकनीकी सहायता उपलब्ध कराना,
5. प्रतिकूल घटनाअें के लिए मूल कारण विश्लेषण (रूट कॉज एनालिसिस) करना,
6. समय–समय पर सौंपे जाने वाले अन्य कार्य करना।

**पात्रता एवं अनुभवः**

- जैव–चिकित्सा इंजीनियरिंग/नैदानिक इजीनियरिंग में स्नातक उपाधि
- उपकरणों एवं नैदानिक वैधता/सत्यापन में विशेषज्ञता जैसी विश्लेषणात्मक भूमिकाओं में योग्यता उपरांत कार्य करने का न्यूनतम 1 वर्ष का अनुभव।
- एमएस–वर्ड, एक्सेल, पावर पाइंट एवं वेब सर्फिंग जैसे आम तौर पर प्रयोग किए जाने वाले पैकेजों की उच्च स्तरीय जानकारी सहित कंप्यूटर में प्रवीणता।
- उत्कृष्ट संप्रेषण एवं प्रस्तुति कौशल, विश्लेषणात्मक एवं अंतर्वैयक्तिक योग्यताएं, अंग्रेजी भाषा में उत्कृष्ट मौखिक और लिखित संप्रेषण कौशल।
- बहु–आयामी टीम परिवेश में कार्य करने की प्रदर्शित योग्यता।
- स्वास्थ्य प्रणालियों के विकास संबंधी जानकारी वांछनीय है।
- तकनीकी सूचना एकत्र करने के लिए राज्यों एवं जिलों की यात्रा करने का इच्छुक और उस सूचना को एक अनुसंधान साक्ष्य के रूप में संकलित/परिवर्तित करने की योग्यता।

**आयुः** अधिकतम 35 वर्ष

सुसंगत अनुभव एवं विशेषज्ञता होने पर इस मानदंड में ढील दी जा सकती है।

पारिश्रमिकः 25,000/– रु. प्रति माह

**नोटः** अपने कार्यवृत्त (रिज्यूमे) में आयु, डिग्री उत्तीर्ण करने का वर्ष, वर्तमान और पूर्व नियुक्तियों की तिथि का उल्लेख करना अनिवार्य है, इनके बिना आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएगे।

आवेदन, ई–मेल द्वारा ra.mvpi.nhsrc@gmail.com पर या डाक द्वारा/दस्ती रूप से एचआर प्रबंधक, एनएचएसआरसी, एनआईएचएफडब्ल्यू परिसर, बाबा गंग नाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली– 110067 को दिनांक 22-Apr-2016 को अपराह्न 4 बजे तक पहुंच जाने चाहिए। कृपया डाक द्वारा भेजे गए आवेदनों के मामले में लिफाफे के ऊ पर तथा ई–मेल द्वारा भेजे गए आवेदनों के मामले में विषय पंक्ति में आवेदित पद का नाम अवश्य लिखें, इसके बिना आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।